# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – ar @msuniversity.ac.in

पत्रांकः 548 / प्रशा0 / MSU / 2025–26 दिनांकः 25 / 06 / 2025

सेवा में,

02. प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

2. शैक्षणिक समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

विषयः– दिनांकः 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त मुख्य सचिव, सूचना अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्याः–15 / 2025 / 474 / उन्नीस–2–2025–1061 / 85, दिनांकः 24 जून, 2025 (संलग्नक) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, इस सम्बन्ध में अवगत कराना है उ0प्र0 सरकार द्वारा दिनांकः 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर उससे जुडी त्रासदी / विपत्तियों से सभी जनपदों में आम जनता को अवगत कराया कराने का निर्णय लिया गया हैं।

इसी क्रम में इस वर्ष 25 जून, 2025 को राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वी0 वर्षगांठ मनायी जायेगी। यह न केवल आपातकाल के स्मरण का अवसर हैं, अपितु गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी हैं इस सम्बन्ध में दिनांकः 25 जून, 2025 से दिनांकः 25 जून, 2026 तक चलने वाला स्मरणोत्सव मनाया जायेगा।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेशः– 15 / 2025 / 474 / उन्नीस–2–2025–1061 / 85, दिनांकः 24 जून, 2025 (संलग्नक) में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुए तद्क्रम मे महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर आयोजित कार्यक्रम का विवरण संकलित कर सुरक्षित रखते हुए, विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,
25-6-25
का0 कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव

**संख्या-15/2025/474/उन्नीस-2-2025-1061/85**

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक 24 जून , 2025

विषय:- **दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के अवसर पर उससे जुड़ी त्रासदी/विपत्तियों से सभी जनपदों में आम जनता को अवगत कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस वर्ष 25 जून, 2025 को राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ मनायी जायेगी। यह न केवल आपातकाल के स्मरण का अवसर है, अपितु गहन चिंतन और लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का अवसर भी है। इस सम्बन्ध में दिनांक 25 जून, 2025 से दिनांक 25 जून, 2026 तक एक वर्ष तक चलने वाला स्मरणोत्सव मनाया जायेगा।

समस्त कार्यक्रमों की व्यवस्था हेतु प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक परामर्शदाता समिति गठित की जाये, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये।

उपर्युक्त के क्रम में दिनांक 25 जून, 2025 को आपातकाल दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित कार्यक्रमों को आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है:-

- कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर कैनवास सेट स्थापित किया जाय, जिस पर सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाय।
- कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति गीत और फिल्म में लोकतंत्र और देशभक्ति की थीम से जुड़े गीत लगातार बजाये जाएं।
- आपातकाल से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले आमंत्रित आगंतुकों के लिये एक विशेष परिसर बनाया जाय।
- आपातकाल से जुड़े चुनिंदा लोगों से अनुभव साझा कराया जाय।
- 50वीं वर्षगांठ पर 50 प्रमुख स्थानों (जैसे मॉल, रेलवे स्टेशन, डाकघर, पेट्रोल पम्प, स्कूल और सरकारी कार्यालय) में एक समर्पित प्रदर्शनी आयोजित की जाय।
- सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाय।

Scanned with CamScanner

- जनपद गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ तथा अयोध्या में आपातकाल पर प्रदर्शनी लगायी जाय तथा शेष जनपदों में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाय।
- समस्त कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाय तथा उनकी उपस्थिति में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाय।

सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद मुख्यालय, प्रत्येक विधान सभा तथा विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम के लिये एक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी/अपर जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी स्तर) को नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा, जो विभिन्न विभागों तथा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रत्येक जनपद के लिये नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 24 जून, 2025 को जनपद का भ्रमण कर उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन की समुचित तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

जनपद स्तरीय प्रदर्शनी/चित्र प्रदर्शनी में सभी विभागों की सहभागिता अनिवार्य है।

भवदीय,

Digitally signed by
MANOJ KUMAR SINGH
Date: 24-06-2025
15:39:17

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य सचिव।

संख्या- 15/2025/474(1)/उन्नीस-2-2025-1061/85 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मंडलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आज्ञा से,

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 24-06-2025
16:20:42

(संजय प्रसाद)
प्रमुख सचिव

Scanned with CamScanner